नाम – डॉ. [illegible]

विषय – राजनीतिशास्त्र (रोहतास महिला कॉलेज, सासाराम)

वर्ग – बी.ए. पार्ट-02 (प्रतिष्ठा), सत्र-2019-20

पेपर – 04

अध्याय – 01

दिनांक – 19.05.2020

टॉपिक – अंतर्राष्ट्रीय राजनीति – अर्थ और परिभाषा

अंतर्राष्ट्रीय राजनीति राज्यों के मध्य क्रियाशील अपने-अपने राष्ट्रीय हित को प्राप्त करने की एक सतत प्रक्रिया है। इस हित की प्राप्ति के लिये शक्ति के साथ-साथ अन्य साधनों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रयोग होता है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय हित, संघर्ष एवं शक्ति तीन महत्वपूर्ण तत्व होते हैं। राष्ट्रीय हित अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का लक्ष्य है संघर्ष उसकी प्रकृति है तथा शक्ति उसका साधन है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में संघर्ष एवं सहयोग दोनों सम्मिलित है। आपसी सुरक्षा के लिये संगठन बनते हैं और शत्रुओं की रक्षा के लिये संधियां करते हैं। NATO, वारसा पैक्ट, विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय क्षेत्रीय समझौते एवं संधियाँ इसके उदाहरण हैं। इस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में विवाद, संधि समझौते इसे गतिशीलता प्रदान करते हैं। इस प्रकार यह शांतिपूर्ण एवं संघर्षपूर्ण संबंधों का अध्ययन है तथा विवादों के समाधान एवं सहयोग की भावना से संबंधित है।

Scanned with CamScanner

परिभाषा — अंतर्राष्ट्रीय राजनीति को स्पष्ट करते हुये विभिन्न विद्वानों ने इसकी परिभाषा कुछ निम्न प्रकार से दी है —

स्प्राउट के अनुसार, 'राज्यों के अपने-अपने उद्देश्यों अथवा हितों के आपसी विरोध-प्रतिरोध या संघर्ष से उत्पन्न उनकी क्रिया-प्रतिक्रियाओं और संबंधों का अध्ययन ही अंतर्राष्ट्रीय राजनीति है।

चार्ल्स श्लाइचर के अनुसार, 'राज्यों के सभी अंतर्राष्ट्रीय संबंध अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में सम्मिलित हैं।

~~थामसन~~ थामसन के शब्दों में, 'राष्ट्रों के बीच छिड़ी प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ उनके पारस्परिक संबंधों को सुधारने या बिगाड़नेवाली परिस्थितियों और संस्थाओं का अध्ययन अंतर्राष्ट्रीय राजनीति है।

फेलिक्स ग्रास के अनुसार, 'अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का अध्ययन वास्तव में विदेशनीतियों के अध्ययन के अतिरिक्त कुछ नहीं है।'

मॉरगेन्थाऊ के मत से, 'अंतर्राष्ट्रीय राजनीति राष्ट्रों के बीच निरंतर होनेवाले शक्ति संघर्ष के अतिरिक्त कुछ नहीं है।

पामर और पर्किन्स के अनुसार, 'अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का अध्ययन राज्य-प्रणाली के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ा हुआ है।

इस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय राजनीति वैदेशिक नीति के अध्ययन के साथ-साथ राष्ट्रों के पारस्परिक स्वार्थों एवं हितों को प्राप्त करने का अध्ययन है साथ ही इसमें विचारधारा, अंतर्राष्ट्रीयता, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के क्रियाकलाप, शक्ति संघर्ष का अध्ययन है।

Scanned with CamScanner